C-office-137057
16-6-16

दिल्ली जल (दिल्ली सरकार)
कार्यालयः-- निदेशक (राजस्व)
वरुणालय-- ।। झण्डेवालान
करोल बाग नई दिल्ली-110005

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दि.ज.बो./निदेशक(रा.)/ 2016/ 6843 to 6892 दिनाँक: 16.6.2016

निर्देशात्मक आदेश

राजस्व (मुख्यालय) के संज्ञान में मुलतः निम्नलिखित दो शिकायतें विभिन्न स्तरों से बार बार लाई जा रही है --

(अ) दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे--छोटे अवैध पानी के 'बोटलिंग प्लांटस' चल रहें है, जहाँ से 'मयूर जग' अथवा 'वाटर जार' में पानी भर कर अनाधिकृत रूप से बाजारों मे बेचा जा रहा हैं । इसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों मे अवैध वाशिंग' प्लांटस भी चल रहें हैं, जिसमें अत्याधिक पानी का उपयोग होता है।

(ब) क्षेत्रीय राजस्व कार्यालयों में पानी के बिलों को पहले गलत रीडिंग से बनाया जाता है व बाद में उन बिलों को सही रीडिंग से बनवाने के लिए उपभोक्ताओं को विभिन्न तरीको से परेशान किया जाता है।

2. उपरोक्त शिकायतों के सम्बध में सभी क्षेत्रीय राजस्व अधिकारियों को यह निर्देश दिया जाता है कि वह अपने--अपने क्षेत्रों मे अनाधिकृत रूप से चल रहे बोटलिंग/वाशिंग प्लांटस का सर्वे करवाऐं तथा अतिशीध्र उचित कार्यवाही करें व की गई कारवाई की रिर्पोट राजस्व मुख्यालय को 30.6.2016 तक भिजवाएँ ।

3. इसी प्रकार क्षेत्रीय राजस्व अधिकारी अपने एम.आई/मीटर रीडरों को सख्त निर्देश दे कि वे उपभोक्ताओं के पानी के बिल सही रीडिंग से बनवाऐं । इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर व जॉच मे सहीं पाए जाने पर सम्बन्धित एम. आई/मीटर रीडर की जिम्मेदारी निश्चित की जाएगी ।

4. सभी क्षेत्रीय राजस्व अधिकारी उक्त आदेशों का तुरन्त पालन करें तथा अपने अधिनस्त एम.आई/मीटर रीडरों को इसकी जानकारी दे । भविष्य में किसी प्रकार की शिकायत सही पाई जाने पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी के विरूद्व सख्त कार्यवाही की जाएगी ।

Nidhi
(निधि श्रीवास्तव)
निदेशक राजस्व

सभी क्षेत्रीय राजस्व अधिकारी

प्रतिलिपि सूचनार्थ --

1.माननीय अध्यक्ष, दिल्ली जल बोर्ड, के सचिव
2.माननीय उपाध्यक्ष, दिल्ली जल बोर्ड
3.मुख्य कार्यकारी अधिकारी
4.सदस्य (वित्त)
5.सभी सयुंक्त निदेशक(राजस्व)/उप--नि. (रा.)
6. गार्ड फाईल

Nidhi
निदेशक राजस्व
o/c